कार्यालय :– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, बोकारो वन प्रमण्डल, बोकारो।

BLOCK-A, VAN BHAWAN, PURULIA ROAD, CHAS, BOKARO-827013

E-mail : dfo-bokaro@gov.in & bokarodfo@gmail.com *Phone/Fax No : +91-6542-265142*

पत्रांक :– 2576 **दिनांक :–** 11/09/2021

सेवा में,

महाप्रबंधक,
कोतरे बसंतपुर पचमो कोल परियोजना,
सी0सी0एल0, दरभंगा हाउस,
कुतचेरी रोड, राँची (झारखण्ड)
पिन नं0–834029

विषय :– **मेसर्स कोतरे बसंतपुर पचमो खुली खदान परियोजना हेतु 372.98 हे0 वनभूमि अपयोजन के प्रस्ताव के संबंध में।**

प्रसंग :– इस कार्यालय के पत्रांक–2176 दिनांक–10.07.2019, ज्ञापांक–2438 दिनांक–03.08.2019, पत्रांक–2509 दिनांक–09.08.2019, पत्रांक–1719 दिनांक–25.06.2021 एवं पत्रांक–2059 दिनांक–28.07.2021 तथा प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची का ज्ञापांक–921 दिनांक–02.08.2021, आपका पत्रांक–724 दिनांक–05.08.2021, इस कार्यालय का पत्रांक–2175 दिनांक–06.08.2021, पत्रांक–2302 दिनांक–17.08.2021 एवं पत्रांक–2415 दिनांक–27.08.2021

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र का कृप्या अवलोकन किया जाय। आपको 19 अभिलेखों से संबंधित सूची की छायाप्रति उपलब्ध कराते हुए सूची का सम्पूर्ण अनुपालन प्रतिवेदन E-Privesh Portal पर Upload कर संशोधित प्रस्ताव की मांग आपसे की गई है। परन्तु आपके द्वारा सम्पूर्ण अनुपालन न करते हुए त्रुटिपूर्ण Part-I Upload किया गया है, जो उचित नहीं है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची का पत्रांक–746 दिनांक–28.06.2021 की प्रति भी आपको उपलब्ध कराते हुए पत्र में उल्लेखित निदेशों के अनुसार प्रस्ताव समर्पित करने का अनुरोध किया गया है। परन्तु प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची का भी अनुपालन आपके द्वारा नहीं किया गया है।

अतः आपसे पुनः अनुरोध है कि प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची के द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में एवं कुल–19 अभिलेखों की सूची का सम्पूर्ण अनुपालन प्रतिवेदन E-Parivesh Portal पर Upload करते हुए कुल–09 प्रतियों में संशोधित प्रस्ताव की हार्डकॉपी इस कार्यालय को समर्पित कराना सुनिश्चित किया जाय।

विश्वासभाजन,

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
बोकारो वन प्रमण्डल, बोकारो।

11/9/2021

D:\Office\D.F.O.Office Bokaro\F.C.Act\Satender Sir\Misc.docx